श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : उपसभापति जी, हम लोगों को क्लैरिफिकेशन पूछने के लिए मौका दिया जाए।

श्री उपसभापति : हां, आपको मौका दिया जाएगा। I will allow you on clarifications.

श्री एम. वेंकैया नायडु : सर, स्टेटमेंट हो चुका है, चर्चा हो चुकी है, इसलिए स्पष्टीकरण पूछना चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sharad*ji*, what I am saying is, you want to raise the same issue. The Minister is there. We can seek clarifications. I am calling Sharad*ji* first for seeking clarifications.

SHRI NARESH AGRAWAL: Then, me.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, send me names. Send me names.

श्री नरेश अग्रवाल : सर, मेरा नोटिस है।

श्री महेन्द्र सिंह माहरा (उत्तराखंड) : डिप्टी चेयरमैन, सर मेरा भी नोटिस है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Yes, yes. आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री महेन्द्र सिंह माहरा : सर, उत्तराखंड के साथ धार्मिक भेदभाव हो रहा है। इस पर चर्चा होनी चाहिए।

श्री उपसभापति : मैं आपको बुलाऊंगा, आप अपनी सीट पर वापस जाइए।...(**व्यवधान**)...आप अपनी सीट पर जाइए। शरद जी, आप बोलिए।

CLARIFICATION ON THE STATEMENT BY MINISTER

Re. Issue of civil services exams conducted by UPSC

श्री शरद यादव (बिहार) : डिप्टी चेयरमैन सर, मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहता, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि देश की जो बोली है, वह मां की बोली है, उस मां की जीभ कैसे काटी जा रही है। मैं आपको सिर्फ इसके आंकड़े देता हूं तमिल के विद्यार्थी - 2008 में 98, 2009 में 90, 2010 में 38 और 2011 में 14; कन्नड़ के विद्यार्थी हैं - 2008 में 14, 2009 में 11, 2010 में 11 और 2011 में 5; तेलुगू के विद्यार्थी है 2008 में 117, 2009 में 85, 2010 में 69 और 2011 में 29; हिन्दी के विद्यार्थी - 2008 में 5,082, 2009 में 4,839, 2010 में 4,156 और 2011 में 1,682 और इंग्लिश के विद्यार्थियों की हालत देखिए - 2008 में 5,817, 2009 में 6,244, में 2010 में 7, 329 और 2011 में 9,203 यानी ये एप्रॉक्सिमेटली डबल हो गए। आजादी के बाद से अंग्रेजी को बनाए रखने के लिए, तमिलनाडु के मेम्बर्स यहां बैठे हैं, अंग्रेजी के चलते तमिलियंस की हालत यह हुई है। यानी कहां तो पहले वे 98 थे, लेकिन आज आपकी भाषा के केवल 14 विद्यार्थी ही आ रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

डा. वी. मैत्रेयन (तमिलनाडु) : हिन्दी होती, तो भी यही होता।

श्री शरद यादव : पहले आप मेरी बात सुनिए, बाद में आप अपनी बात कह लीजिएगा।

महोदय, मैं यह कह रहा हूं कि ये हिन्दुस्तान की धरती की बोलियां हैं। याद रखना, दुनिया में कोई भी देश ट्रांस्लेशन से आगे नहीं बढ़ेगा। हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब ने कहा कि मैं अपनी बोली और अपनी भाषा में बोलूंगा, यह सुनकर मुझे बहुत सुकून हुआ। गृह मंत्री जी ने भी यही बात कही, तो मुझे बहुत सुकून हुआ। लेकिन जिस तरह 15-20 दिन से ये विद्यार्थी तबाह और बरबाद किए जा रहे हैं और जिस तरह से छाया के लिए उनको छत तक नहीं दी जा रही है, इसके लिए मैंने कमिश्नर को पत्र भी लिखा, तब भी वे उनसे नहीं मिले।

यहां जो सभी एम.पीज. बोल रहे हैं, इनमें से हरेक के घर 50 लड़के, 20 लड़के, 30 लड़के खड़े हैं। जो डी.ओ.पी.टी. के मिनिस्टर हैं, इसके लिए उनसे मैंने खुद बात की, फिर भी एडमिट कार्ड ऑनलाइन निकाल दिए गए। एडमिट कार्ड निकलने का मतलब यह है कि एग्जाम शुरू हो गया है। सबसे आप ऑनलाइन एडमिट कार्ड वाली चीज को खत्म करिए, तभी समझ में आ सकता है कि आप CSAT के बारे में पुनर्विचार कर रहे हैं। जब परीक्षा का, एग्जाम का सिलसिला भी शुरू हो चुका है, तो कमेटी कब अपनी रिपोर्ट तक देगी? इस ऐवान में जवाब देते समय आप हमें यह भी बताइए कि आपके जवाब से क्या इन लड़कों का भविष्य बन जाएगा?

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Okay. Please.

श्री शरद यादव : महोदय, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि जो ऑनलाइन एडमिट कार्ड दिए गए हैं, उनको तत्काल वापस लिया जाए। एडमिट कार्ड वापस लेने के बाद ही इस कमेटी का काम शुरू हो, तभी इस कमेटी का कोई मतलब होगा। मैं आपसे इतना निवेदन ही करना चाहता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: See, I have noted the names. My humble request is, seek clarifications only. Confine yourself only to two minutes. So, Shri Satish Chandra Misra. ...*(Interruptions)*... I am calling you. Your name is there. I have written all names.

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, यह जो मुद्दा चल रहा है, इसे पूरा देश देख रहा है कि किस तरीके से आज बच्चे आंदोलित हैं। उनके ऊपर किस तरीके से कल बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया और वह भी तब जब उनको मजबूरी में सड़कों पर आना पड़ा था। जब उन बच्चों को यह लगा कि उनके साथ वायदाखिलाफी हो रही है, उनके साथ धोखा हो रहा है, तभी मजबूरी में वे सड़कों पर आए थे।

[श्री सतीश चन्द्र मिश्रा]

अभी ऑनरेबल श्री वेंकैया नायडु जी ने कहा कि इसको रीकंसिडर करने के लिए एक कमेटी बैठा ली गई है। मैं जानना चाहता हूं कि अगर कमेटी बैठा ली गई, वह इस मामले को कंसिडर कर रही है, तब आपको यह बयान देने में क्या दिक्कत हो रही है? माननीय मंत्री जी, आज जो एडमिट कार्ड जारी हो रहे हैं, आप उनको रोकने का काम करिए, जैसा माननीय श्री शरद यादव जी ने अभी कहा। अगर एडमिट कार्ड दे करके आपने कमेटी बैठाई है, तो शीघ्र ही इस पर आप कोई निर्णय ले लीजिए। यह जरूरी नहीं है कि बहुत अधिक समय लेकर वह कमेटी अपना निर्णय दे। अधिकतर कमिशन और कमेटीज सिर्फ इसलिए बैठाए जाते हैं, ताकि मैटर को डिफ्यूज कर दिया जाए और डिफ्यूज करने के बाद उसको एक कोल्ड स्टोरेज में डाल दिया जाए। लेकिन यह ऐसा विषय नहीं है। हर घर और हर जगह से नौजवान लोग आपकी तरफ निगाह बढ़ाकर बड़ी उम्मीद से देख रहे थे कि आप उनका ख्याल रखेंगे। आज वे बच्चे बेरोजगार घूम रहे हैं, जो आज अपने इम्तिहान की तैयारी करते, अपने एग्जाम की तैयारी करते, आई.ए.एस. और आई.पी.एस. की तैयारी करते। इसकी जगह आप उनको मजबूर कर रहे हैं कि वे सड़क पर खड़े हो करके आंदोलन पर उतरें।

जिस तरह का सिस्टम आपने रखा हुआ है, आप स्वयं जानते हैं कि इन एग्जाम्स में किस तरह का डिस्क्रिमिनेशन होता है। एक जो कॉन्वेंट स्कूल का पढ़ा हुआ बच्चा होता है और दूसरा, जो हिन्दी स्कूल से पढ़कर आया होता है, उनमें किस तरीके से डिस्क्रिमिनेशन होता है, यह बात आपको अच्छे तरीके से मालूम है। आपने इस विषय को खत्म नहीं किया, बल्कि इसे डिफ्यूज करने की जगह और बढ़ाने के लिए एडमिट कार्ड को ऑनलाइन डाल दिया और इस तरह पूरे देश को आंदोलन में डाल दिया। ...(**समय की घंटी**)... मेरा आपसे निवेदन यह है कि आप इसको तुरंत रोकें। इसके साथ ऑनलाइन एडमिट काड्र्ज को कैंसिल करवा करके इस कमेटी से कहिए कि वह तीन दिन में ही अपना निर्णय दे।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Okay. Please.

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा : इसके लिए आप उन बच्चों को भी बुलाइए, उनकी बात भी सुनिए। उनकी बात सुन करके आप एक ऐसा निर्णय लीजिए, जो सबको मान्य हो और जिससे उन बच्चों को सुकून प्राप्त हो और उन बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

श्री नरेश अग्रवाल (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, मैंने 'बेरोजगार' शब्द इस कारण कहा था, क्योंकि माननीय मंत्री ने पिछले बार लड़कों को बयान दिया था और यह कहा था कि हम एक हफ्ते में इस विवाद को समाप्त कर देंगे, क्योंकि इन्हें उम्मीद थी कि जो कमेटी बैठी है, उसकी रिपोर्ट आ जाएगी। कल जो घटना घटी, उसकी जिम्मेदारी सरकार की है, इन लड़कों की नहीं है। मुझे तो ऐसा लग रहा है कि जैसे सरकार कहीं मजबूर दिखाई दे रही है।

श्रीमन, देश के साथ यह बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। यह सिर्फ हिन्दी का ही सवाल नहीं

है, रीजनल लैंग्वेज का भी है। देश की जो सारी रीजनल भाषाएं हैं, चाहे वह बंगाल की हो, तमिलनाडु की हो या आन्ध्र प्रदेश की हो, सबके लड़कों की यू.पी.एस.सी. एग्जाम में क्या स्थिति आ रही है? शरद जी ने भी बताया, उन्होंने एक-एक आंकड़े दिए। आपके एम.पी. मनोज तिवारी जी उन लड़कों के बीच में गये। वे लोग सभा के सदस्य हैं। उन्होंने वहां जाकर खुलेआम आश्वासन दिया कि आप लोग हड़ताल तोड़ दीजिए, हम जिम्मेदारी लेते हैं, हमारी सरकार है और ये एग्जाम्स तब तक नहीं होंगे, जब तक रीजनल लैंग्विजेज एलाउ नहीं की जाएंगी। तब उन लड़कों ने हड़ताल तोड़ दी। अब क्या बात हो गई? वे आपके एम.पी. हैं। डा. जितेन्द्र सिंह जी आपके मंत्री हैं, इन्होंने खुद पिछली बार बयान दिया था। आज फिर ये मजबूरी का बयान देने जा रहे हैं। तभी मैं कह रहा हूं कि प्रधानमंत्री जी को बुलाइए या इस पर लीडर ऑफ दि हाउस बोलें।

श्रीमन्, यह मान लीजिए कि अगर आपने *status quo* नहीं किया और जो एडमिट कार्ड निकले हैं, अगर उन्हें आपने नहीं रोका, अगर आप मजबूरी दिखाते रहे तथा आपने अगर सरकार को कमजोर दिखाने की बात की, तो यह आन्दोलन पूरे देश में होगा। आप गलतफहमी निकाल दीजिएगा, क्योंकि यह पूरे देश का सवाल है। यह सिर्फ हिन्दी भाषियों का सवाल नहीं है। उस आन्दोलन की जिम्मेदारी आपकी होगी। आपके दल के सदस्य भी इस बात को जानते हैं कि अगर क्षेत्रीय भाषाओं का उपहास किया जाएगा, तो नरेन्द्र मोदी जी ने ओथ लेने के बाद जो कहा था कि वे हिन्दी को प्राथमिकता देंगे और उन्होंने जो डायरेक्शन दी है कि हमारी सरकार हिन्दी में काम करेगी, तो वह डायरेक्शन बेकार हो गयी।

माननीय मंत्री जी, मेरी एक ही मांग है। हम लोगों के यहां मजिस्ट्रेटी जांच होती है। कोई मामला डायल्यूट करना हो तो मजिस्ट्रेटी जांच पर टाल दीजिए। लेकिन आप यह मामला कमेटी पर न टालिए या मजिस्ट्रेटी जांच की बात न बताइए। आप आज स्पष्ट ऑर्डर दे दीजिए कि इसे रोका जाता है, जब तक फाइनल डिसीजन नहीं होगा। कमेटी भी बैठी है। आप फौरन एडमिट कार्ड रिजेक्ट कीजिए और उनको इंस्ट्रक्शन दीजिए। आप सरकार हैं और वह यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन है। हमसे लोग पूछ रहे हैं कि कैसे होगा? ...(**समय की घंटी**)... सरकार हमने भी चलाई है, जानते हैं कि कैसे होता है। सरकार तो सरकार होती है। क्या सरकार से कोई लड़ पाया है? मैं चाहूंगा कि स्पष्ट आंसर मिले, नहीं तो श्रीमन्, सदन नहीं चलेगा, यह मैं आपसे कह देता हूं। मैं तकलीफ के साथ इस बात को कह रहा हूं।

श्री उपसभापति : धन्यवाद। श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी। ...(**व्यवधान**)...

शहरी विकास मंत्री; आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री, तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वेंकैया नायडु) : सर, ...(**व्यवधान**)... ये कह रहे हैं कि सदन नहीं चलेगा। ...(**व्यवधान**)... यह आज का विषय नहीं है। मैं उसमें नहीं पड़ना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)... यह कब से शुरू है, यह आपको बाद में मालूम पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Minister, don't intervene now, please. You may reply in the end. ...*(Interruptions)*...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (मध्य प्रदेश) : उपसभापति जी, हम संवैधानिक रूप से 1947 में आजाद हो गए थे, लेकिन वह आजादी आज भी अधूरी है। किसी सम्प्रभु राष्ट्र को, किसी स्वाभिमानी राष्ट्र को, अपनी भाषा में काम करने का अवसर न हो, छूट न हो और हमने इतने वर्षों बाद आज भी एक विदेशी भाषा पर, उसकी बैसाखियों पर सवारी करते जाएं, हमारे लिए इससे ज्यादा शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बात क्या होगी?

श्रीमान्, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि ...(**व्यवधान**)... मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please listen. ...*(Interruptions)*...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : सर, भारत के राजभाषा अधिनियम के अंतर्गत ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Javadekar, please don't talk like that. ...*(Interruptions)*... Mr. Minister, please don't talk like that. ...*(Interruptions)*...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : श्रीमन्, भारत के राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार इस देश की केन्द्र सरकार की सभी संस्थाओं में ...(**व्यवधान**)...

श्री विजय गोयल (राजस्थान) : तब आप क्या कर रहे थे? ...(**व्यवधान**)... आपकी ही सरकार ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Vijay Goel, Please. ...*(Interruptions)*... We don't have the time. ...*(Interruptions)*...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : एक मिनट, एक मिनट। ...(**व्यवधान**)... आप मुझ पर भरोसा रखिए। मैं सक्षम हूं। विजय भाई, अगर आप इस तरह से बीच-बीच में बात करेंगे, तो आपके यहां से भी बोलने वाले खड़े होने वाले हैं, आप इसे याद रखिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज। ...(**व्यवधान**)... आप बोलिए।

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : महोदय, राजभाषा अधिनियम के अंतर्गत हमने यह प्रावधान किया है, हमने इसी संसद से कानून पारित किया है, और यह प्रावधान किया है कि भारत सरकार की सेवाओं में आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए हिन्दी में काम करना अनिवार्य होगा। हमने उसके लिए इस देश का अलग-अलग राज्यों में, अलग-अलग श्रेणियों के राज्यों में विभाजित करके लक्ष्य निर्धारित किए हैं। हिन्दी अकेली नहीं है। हिन्दी हमारी राजभाषा है। हमने कानून बनाया है, उसका सम्मान हो, यह अपनी जगह है, लेकिन इस देश की तमाम भारतीय भाषाएं और भी हैं। तमिल, तेलुगु, गुजराती, असमिया, बांग्ला, पंजाबी, मराठी आदि हैं, ये सभी हमारी भाषाएं हैं हमारे देश में विभिन्न प्रांतों में विभिन्न भाषा-भाषी लोग रहते हैं। क्या उनको अपनी भाषा में कामकाज करने का

अधिकार नहीं होना चाहिए? आज भी अदालतों में और सरकारी दफ्तरों में उसी भाषा में काम होगा, जो विदेशी भाषा है? इस बात के लिए हमारा राष्ट्र गौरव कहां चला गया? हम आज यही पूछना चाहते हैं कि वे बच्चे, जो भारत सरकार की सेवा में अपना चयन कराने के लिए परीक्षा दे रहे हैं, उनकों हिन्दी में जवाब लिखने का अधिकार नहीं है? आज अंग्रेजी में जवाब लिखना अनिवार्य बना दिया गया है, इससे अन्य भारतीय भाषाओं की भी उपेक्षा हो रही है। माननीय मंत्री जी ने जाकर उन्हें आश्वस्त किया था कि जब तक इसका समाधान नहीं हो जाएगा, इसका सॉल्यूशन नहीं हो जाएगा, तब तक हम यू.पी.एस.सी. की परीक्षाएं घोषित नहीं होने देंगे।...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That's okay. ...*(Interruptions)*... Time is over. ...*(Interruptions)*...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : उसके बाद अभी यू.पी.एस.सी. ने परीक्षा घोषित कर दी। माननीय मंत्री जी यह बताएं कि वह कब तक यानी किस तारीख तक इस समस्या का समाधान खोजेंगे और विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं सहित हिन्दी में अपनी परीक्षा देने का अधिकार कब मिलेगा?

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, on the Minister's statement, I have three quick points to make. This country is so great that even though English is my mother tongue, I first learnt to speak in Bengali by choice. Now, I have three quick points. First to the Minister, through you, Sir, please stop this television beatification of Parliament. If statements on serious issues have to be made, we urge the Minister to make those statements on the floor of Parliament. But the Minister has done this before on some other issue concerning three numbers — I will not get into that — but those statements should be made on the floor of Parliament, not to television studios. He can make it later. Secondly, my own leader, Mamata Banerjee, has shown the way where when it comes to Railway exams, people were given the opportunity to write those exams in a language they are comfortable in. Sir, this is not an issue of English versus Hindi, certainly not. This is an issue regarding all the languages. In the campaign of the BJP before the election, we heard a lot about connecting with the youth of India. If you really want to connect with the youth of India, reconnect and do it now, maintain status quo because young people around the country are watching you, are watching us. We need to act on their behalf; we need to act now.

SHRI S. MUTHUKARUPPAN (Tamil Nadu): Sir, the Civil Services Examination is conducted by the Union Public Service Commission. It is conducted in three stages

[Shri S. Muthukaruppan]

— one is the preliminary examination, another one is main examination and the third is the interview. The preliminary examination is a written examination, either in Hindi or English. So far as the main examination is concerned, it is allowed to write in Hindi or English or other regional languages also. So far as the preliminary examination is concerned, only two languages, that is Hindi or English, are allowed. As a result, regional language students who want to write in Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu and so on, are reduced or filtered in preliminary examination. So far as my party is concerned, the preliminary examination of the Union Public Service Commission should be allowed to be written in regional languages, especially in Tamil, because this will attract more students all over the States, including Tamil Nadu. So, students will get more chances. Furthermore, Sir, the preliminary examination has two papers — one is General Studies and another one is the Civil Service Aptitude Test. These two tests should be conducted in regional languages. So far as AIADMK and Tamil Nadu is concerned, we have two-language policy — one is Tamil and another is English. Preliminary examination must be allowed to be written in regional languages including Tamil. Thank you.

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, यू.पी.एस.सी. की परीक्षाओं में भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल के संबंध में छात्रों की जो मांग है, हम समझते हैं कि वह मांग जायज है। आज जिस तरह से इस मुद्दे को लेकर पूरे देश में हमारे नौजवानां में आक्रोश है, गुस्सा है, वह भी जायज और हमें इस बात की भी खुशी है कि सरकार ने उसको बहुत संवेदनशीलता के साथ, बहुत ईमानदारी के साथ लिया है। उपसभापति महोदय, कोई भी भाषा, चाहे वह हिन्दी हो, उर्दू हो, मराठी हो, गुजराती हो या बंगाली हो, जितनी भी क्षेत्रीय भाषाएं हैं, उनके आधार पर हम मेरिट-डिमेरिट का हिसाब-किताब नहीं कर सकते, लेकिन अफसोस की बात है कि आज हमारी मेरिट और डिमेरिट भाषा के आधार पर तय होती है। अगर हम अंग्रेजी बोल रह हैं तो बहुत काबिल हैं और अगर हम क्षेत्रीय भाषाएं बोल रहे हैं तो हम जाहिल हैं। यह जो एक चलन और चोंचला है, इस पर कहीं न कहीं रोक लगनी चाहिए। अंग्रेजी से दुश्मनी नहीं है। अंग्रेजी जरूरी है और यह कम्युनिकेशन की एक भाषा है, लेकिन जो क्षेत्रीय भाषा है, वह हमारे दिल, दिमाग और शरीर में बसी हुई है, उसमें हमारी मिट्टी की सुगंध है, इसलिए हमें उसके साथ न्याय करना चाहिए। यह बात सही है कि इस सरकार का एक महीना हुआ है, करे कोई भरे कोई वाली स्थिति है। जो कुछ आप करके गए, उसको हमें भरना पड़ रहा है। सत्यव्रत जी ने जो कहा, उनकी बात से मैं सहमत हूं। अगर इतनी ही जोर से उस समय जब आप सरकार में थे यह कहते कि छात्र जो कह रहे हैं और यू.पी.एस.सी. में क्षेत्रीय भाषाओं की जो बात हो रही है, वह बिल्कुल सही है, उसे जायज हक मिलना चाहिए, न्याय मिलना चाहिए ...(**व्यवधान**)...

جناب مختار عباس نقوی (اتر پردیش) : مانئے اپ سبھا پتی مہودے، یو.پی.ایس.سی. کی پریکشاؤں میں بھارتی بھاشاؤں کے استعمال کے سمبندھ میں چھاتروں کی جو مانگ ہے، ہم سمجھتے ہیں کہ وہ مانگ جائز ہے۔ آج جس طرح سے اس مدّعے کو لے کر پورے دیش میں ہمارے نوجوانوں میں آکروش ہے، غصہ ہے، وہ بھی جائز ہے اور ہمیں اس بات کی بھی خوشی ہے کہ سرکار نے اس کو بہت سنویدنشیلتا کے ساتھہ، بہت ایمانداری کے ساتھہ لیا ہے۔

اپ سبھا پتی مہودے، کوئی بھی بھاشا، چاہے وہ ہندی ہو، اردو ہو، مراٹھی ہو، گجراتی ہو یا بنگالی ہو، جتنی بھی علاقائی بھاشائیں ہیں، ان کے آدھار پر ہم میرٹ، ڈی-میرٹ کا حساب کتاب نہیں کر سکتے، لیکن افسوس کی بات ہے کہ آج ہماری میرٹ اور ڈی-میرٹ بھاشا کے آدھار پر طے ہوتیہے۔ اگر ہم انگریزی بول رہے ہیں تو بہت قابل ہیں اور ہم ان علاقائی بھاشائیں بول رہے ہیں تو ہم جاہل ہیں۔ یہ جو ایک چلن اور چونچلا ہے، اس پر کہیں نہ کہیں روک لگنی چاہئے۔ انگریزی سے دشمنی نہیں۔ انگریزی ضروری ہے اور یہ کمیونی کیشن کی بھاشا ہے، لیکن جو علاقائی بھاشا ہے، وہ ہمارے دل، دماغ اور شریر میں بسی ہوئی ہے، اس میں ہماری مٹّی کی سگندھ ہے، اس لئے ہمیں اس کے ساتھہ نیائے کرنا چاہئے۔ یہ بات صحیح ہے کہ اس سرکار کا ایک مہینہ ہوا ہے، 'کرے کوئی بھرے کوئی' والی حالت ہے۔ جو کچھہ آپ کرکے گئے، اس کو ہمیں بھرنا پڑ رہا ہے۔ ستیہ ورت جی نے جو کہا، ان کی بات سے میں سہمت ہوں۔ اگر اتنی ہی زور سے اس وقت جب آپ سرکار میں تھے یہ کہتے کہ چھاتر جو کہہ رہے ہیں اور یو.پی.ای.سی. میں علاقائی بھاشاؤں کی جو بات ہو رہی ہے، وہ بالکل صحیح ہے، اسے جائز حق ملنا چاہئے، نیائے ملنا چاہئے ...(مداخلت)...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : हम हमेशा यह बात कहते रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : आप कहते हैं, लेकिन तब भी आप यही कहते ...(**व्यवधान**)...

†Transliteration in Urdu Script.

† **جناب مختار عباس نقوی :** آپ کہئے ہیں، لیکن تب بھی آپ یہی کہئے ...(مداخلت)...

श्री सत्यव्रत चुतर्वेदी : आप भी छः साल सरकार में रहे, ...(**व्यवधान**)... हमने नहीं किया तो आप कर देते। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : सत्यव्रत चतुर्वेदी जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : आप कहते रहे, आपकी बात नहीं चली। कम से कम हम कह रहे हैं, देखते हैं चलती है या नहीं। ...(**व्यवधान**)... उपसभापति महोदय, मुझे पूरा विश्वास है और पूरी उम्मीद है कि जिस तरह से माननीय मंत्री जी ने क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में, क्षेत्रीय भाषाओं को जायज हक दिलाए जाने के बारे में, यू.पी.एस.सी. इग्जामिनेशंस में उनकी प्राथमिकता के बारे में 18 जुलाई को बयान दिया था, उसी तरह से माननीय मंत्री जी और यह सरकार इस दिशा में प्रभावी कदम उठाएगी। यह केवल छात्रों की मांग नहीं है, बल्कि यह देश की चाहत है और देश की मांग है कि हमारी जो क्षेत्रीय भाषाएं हैं, उनको न्याय मिलना चाहिए।

† وشواس ہے اور پوری امید ہے کہ جس طرح سے مانئے منتری جی نے علاقائی بھاشاؤں کے بارے میں، علاقائی بھاشاؤں کو جائز حق دلانے جانے کے بارے میں، یو پی۔ایس۔سی۔ ایگزامنیشنس میں ان کی پراتھمکتا کے بارے میں 18 جولائی کو بیان دیا تھا، اسی طرح سے مانئے منتری جی اور یہ سرکار اس دشا میں پربھاوی قدم اٹھائے گی۔ یہ صرف چھاتروں کی مانگ نہیں ہے، بلکہ یہ دیش کی چاہت ہے اور دیش کی مانگ ہے کہ ہماری جو علاقائی بھاشائیں ہیں، ان کو نیائے ملنا چاہئے۔

SHRI TAPAN KUMAR SEN (West Bengal) : Mr. Deputy Chairman, Sir, मेरा यही कहना है कि समस्या आज पैदा नहीं हुई है, बल्कि over a period of time यह accumulate होते-होते इस जगह तक पहुंची है। I rememebr that I have written to DoPT Minister, at least, four times. मैंने सारी डिटेल्स देते हुए उनको यह लिखा कि रीजनल लैंग्वेजेज का पार्टिसिपेशन कैसे घट रहा है and not only of regional languages, minority का पार्टिसिपेशन भी UPSC process में घट रहा है। And, latest letter's copy was also marked to the Minority Affairs Minister sitting over here. I checked up with her and found that it had been referred to th DoPT, लेकिन यह नहीं हुआ। आज इसमें यह blame game करने कोई फायदा नहीं कि आपने नहीं किया, आपने नहीं किया, बल्कि यह नहीं हुआ। It is because of the paculiar pro-corporate elitist paradigm, जो हमारी सारी पॉलिसी में चल रहा है तथा देश की आम गरीब जनता उसका शिकार है तथा इस ब्यूरोक्रेसी और ऐडमिनिस्ट्रेशन को एक elitist monopoly बनाते हुए वह कॉर्पोरेट्स और पैसे वालों के फेवर में चलता है।

†Transliteration in Urdu Script.

There must be a brake on this. I welcome that the people came on the street and agitated and it came to the notice of Government. The Government has decided to appoint a Committee. I must say that action must start now. Now, as you have appointed a Committee, please examine it, लेकिन उसके साथ-साथ इस पर एक्शन होना जरूरी है कि अभी इसके इग्जाम्स बंद कीजिए। यह मैसेज सबके पास जाना जरूरी है कि the Parliament and the Government are sensitive towards this most sensitive issue of the people. आप इग्जाम्स बंद कीजिए, एडमिट काड्र्स इश्यू करना बंद कीजिए और जैसा कि शरद जी ने कहा यह ऑनलाइन वाला चक्कर भी बंद कीजिए। Let a decision be taken and then whole exam process be put in motion. Only by that way, it can be done. I think, again, the basic issue is that we need to liberate ourselves from this pro-corporate elitist paradigm. It will eat away the vitals of our nationality and the economy.

श्री प्रेम चन्द गुप्ता (झारखंड) : उपसभापति महोदय, यू.पी.एस.सी. के एक्जाम्स में हिन्दी भाषी छात्रों के साथ किया जा रहा भेदभाव बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

मान्यवर, दुनिया के हर देश में वहां की भाषा को प्राथमिकता दी जाती है। आप चीन में जाएंगे तो वहां साइन-बोड्र्स पर ऊपर चाइनीज में लिखा होगा और नीचे अंग्रेजी में लिखा होगा क्योंकि अंग्रेजी पढ़ाया जाना भी जरूरी है। आप फ्रांस में जाएं, जर्मनी में जाएं, आप किसी भी मुल्क में चले जाएं, वहां वे अपनी मातृभाषा को/क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिकता देते हैं। मान्यवर, केवल हमारे देश में ऐसी स्थिति है कि अंग्रेजी बोलने वालों को विद्वान समझा जाता है और, जैसे श्री मुख्तार अब्बास नक़वी साहब ने कहा कि हिन्दी बोलने वालें को जाहिल समझा जाता है।

मान्यवर, अभी देश के प्रधानमंत्री ब्राजील गए, उन्होंने हिन्दी में बात की। यह पूरे देश के लोगों को अच्छा लगा कि वहां प्रधान मंत्री भी हमारी मातृभाषा में बोले। यह भी पता चला है कि माननीय प्रधानमंत्री जी युनाइटेड नेशंस में हिन्दी में बोलेंगे। यह जानकर भी बहुत अच्छा लगा, लेकिन अपने देश में हिन्दी के प्रति जो दुर्भावना है, उसके लिए क्या किया जाए? महोदय, यह एक मानसिकता है जिसे ठीक करने की आवश्यकता है। अभी नरेश अग्रवाल जी ने कहा कि यह एक चिंगारी है। मंत्री महोदय, अगर आप इसे ठीक से हैंडल नहीं करेंगे तो खाली यहां बात करने से काम नहीं चलने वाला है। यह चिंगारी और फैलेगी जो हम सब के लिए ठीक बात नहीं है।

मेरी आपसे प्रार्थना है कि इस संबंध में कमेटी बिठाने की आवश्यकता नहीं है। जो लोग कमेटी में बैठे हैं, उनकी अपनी मानसिकता है। आप देश की मानसिकता को समझिए और इस चीज को इमीडिएटली करैक्ट कीजिए और जैसा हमारे नेता शरद यादव जी ने कहा इस चीज को तुरंत इम्प्लीमेंट करवाइए। धन्यवाद।

SHRIMATI KANIMOZHI (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, this issue actually is a very serious issue. Sir, senior leader, Sharad Yadav ji, has also shared some data with the House. Sir, in 2010, 122 candidates from Tamil Nadu were successful in the CSAT exam but, in 2011, this number fell down to 68. It is not just the case of Tamil

[Shrimati Kanimozhi]

Nadu, it is the case of many other States where other regional languages are spoken. You cannot leave out such a large portion of the country thereby denying them the right to represent them to run the country as civil servants. The changes which have been brought about now actually help students belonging to creamy layers only, because it helps students who are fluent in English, and, of course, students who are fluent in Hindi. When it comes to States like Tamil Nadu, many of the students who come from rural areas find it difficult in these circumstances to write these exams because they are not that comfortable either in English or in Hindi. So, many of the students are left behind and their aspirations are all killed because of these language issues. It is a very sensitive issue, and, on 12th March, 2013, our leader, Dr. Kalaignar, also wrote to the then Prime Minister, Dr. Manmohan Singh, that regional languages also have to be considered and taken into consideration when these exams are conducted. Translation, if not in all the languages, at least, should be done according to the language of the State. For example, if an exam is going to be conducted in Tamil Nadu, the question paper should also be in Tamil language and the students should be allowed to write the exam in Tamil. Same should be the case for Kerala or other States, which do not speak Hindi. We have to take this feeling into consideration.

Sir, in Tamil Nadu, we have a two-language system. We speak Tamil, we write Tamil, and, English is also taken into account. It is very difficult for students to be forced to write in other languages in which they are not comfortable. Sir, we are part of India, I think, we have a right to be the part of those who govern this country. So, students who come from rural areas in Tamil Nadu and students who come from not so well-off background, who have not been sent to English-medium schools cannot be left behind, and, their aspirations cannot be killed. ...*(Time-bell rings)*... So, changes have to be made ...*(Time-bell rings)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Please take your seat.

SHRIMATI KANIMOZHI: and, I think, the Government cannot work on such language divide. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Shri D. Raja.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, the notification issued by the Union Public Service Commission has, in fact, created uproar all over the country. This notification needs to be reconsidered and withdrawn. Government must be prepared. Sir, language is a very sensitive issue. Language can unite people; language can divide people also. So, Government should tread very cautiously. It should advise the Union Public Service

Commission to tread cautiously. As many Members have suggested, as far as Civil Services Exams are concerned, in the Preliminary, there must be an option for those students or it must be made mandatory that the mother tongue should be given the priority. All those who speak their languages must be given the opportunity to write the exams in their own languages. I suggest that the languages in the Eighth Schedule should be allowed for the Preliminary Exams. There must be a level-playing field for all the languages. It should not tilt towards English or it should not tilt towards Hindi also. We all should keep in mind the assurance given by Pandit Jawaharlal Nehru on the language policy. Right now, to face the present situation, I think that UPSC notification needs to be reconsidered and withdrawn. All the regional languages should be given a level-playing field. I don't want to call them regional languages. They are all our languages, Indian languages, and every part should feel as part of the whole. Subramanya Bharathi is a part of our psyche. We hail from Tamil Nadu. ...*(Time-bell rings)*... He only said that in mother India 18 languages are spoken but our thinking is one. ...*(Time-bell rings)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is okay.

SHRI D. RAJA: If that is so, I think, the Government should ask the UPSC to withdraw the notification ...*(Time-bell rings)*... and Government should give due attention to this issue.

DR. K. KESHAVA RAO (Andhra Pradesh): Sir, I hope the Government understands the concern of the House which is nothing but a concern of the nation. They have been on agitation for the last two weeks. More so, yesterday you have witnessed the violent turn of the entire event. Sir, I don't want to confuse or add to the tension. All that we are seeking is to defuse the situation. Number one, since you want to study it, it is not a new thing that you are doing. Nigvekar Committee Report is right with you. It has suggested to you all the methods. I do not know why you are sleeping over it. This is a serious study. Anyhow, since you are studying, let us not continue with the process that we have already taken up. Let us stop issuing of the hall tickets which have been uploaded yesterday. That will certainly defuse the situation. I am just coming from them. They have met me and I have asked them to meet you in the afternoon. Sir, the question is not English versus Hindi. It is about a particular passage of English versus all the languages in the country. It is not that they are not allowed to write in our own examination, as far as UPSC is concerned. We are allowed to write in any regional language we like. But two papers have been introduced since 2012. In the name of CSAT, Civil Services Aptitude Test, in place of testing the aptitude of the candidate, you are giving English passage and trying to test the aptitude of the candidate. What all the regional language candidates or Hindi language

[Dr. K. Keshava Rao]

candidates are seeking is, give the passage in Hindi so that we understand that and give you our aptitude, our initiatives. That is all that they are asking. What they are asking is a level-playing ground for them. Actually speaking, Mr. Sharad Yadav*ji* had given a list. We are asking for a level-playing field. The regional language boys, particularly from the tribal areas, have studied in their own language. Let them understand it in their own language. Once they assimilate what is written, then let them come and give their aptitude. What you are trying to ask is in English and again you are asking them to tell you their aptitude in English. This is what they are exactly doing. I don't want to add. Let the experts look into it. Nigvekar Report is with you. Please meet the boys. They are brilliant boys of this country. They are appearing for Civil Services. Let us not confuse the issue. It is about two subjects that have been introduced. What I request the Minister to do is this. One, please stop this uploading of hall ticket. And see that whatever Committee you have appointed to look into this gets into action. Thank you very much, Sir.

श्री बैष्णव परिडा (ओडिशा) : सर, भारत के लिए यह एक बहुत गंभीर समस्या है। हम लोगों ने भारत के स्वाधीनता संग्राम में देशवासियों के सामने वायदा किया था कि अंग्रेजों के जाने के बाद देश का शासन भारतीय भाषाओं में होगा, जनता की भाषा में जनता का शासन होगा, लेकिन 1947 से आज तक, हम लोगों ने देश में क्या हालत क्रिएट कर दी है? गांधी जी बोलते थे कि अंग्रेजियत को छोड़ो, लेकिन उस अंग्रेजियत को सहन करते-करते आज हम इस समय में आ गए हैं।

महोदय, यह सिर्फ यू.पी.एस.सी. की बात नहीं, सेंटर की बात नहीं है। मेरे राज्य ओडिशा में, ओडिशा ऐडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस का एक्जाम ओडिया भाषा में नहीं होने दिया जा रहा है and Odisha perhaps is only State in India, जहां पर प्रशासनिक काम ओडिया में नहीं होता है, बल्कि अंग्रेजी में होता है। ओडिशा की लोक प्रशासनिक सेवा आदि की जानकारी जनता को ओड़िया भाषा में नहीं मिलती है, अभी भी सब काम अंग्रेजी में होता है। 1954 में श्री नवकृष्ण चौधरी जब ओडिशा के चीफ मिनिस्टर थे, तब उन्होंने वहां Official Language Act पास किया था and at that time the same thing happened in other States also. English was replaced with local languages, किन्तु ओडिशा में जो ऐक्ट पास हुआ था, वह अभी तक कार्यान्वित नहीं हुआ। इसलिए ओडिशा में हमने एक आंदोलन शुरू कर दिया है। वह दो साल से चल रहा है कि ओड़िया भाषा मर रही है, unless you use the language, it will die. If the language dies, your identity will also die. हम ओडिशा के हैं, because we speak Odiya. तो हमारी लैंग्वेज जब मर जाएगी ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : You better take it up in Odisha. You better take it up in Odisha.

श्री बैष्णव परिडा : तो हमारी आइडेंटिटी नहीं रहेगी और ...(**व्यवधान**)... इसलिए सेंटर से लेकर स्टेट तक सब प्रशासनिक कामकाज ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Why don't you take it up in Odish? Please sit down. Your time is over.

श्री वैष्णव परिडा : सब कामकाज अपनी लैंग्वेज में होना चाहिए, यही मेरी कहना है, धन्यवाद।

